आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 28.09.2024 समय: 2.10 PM

समाचार---

मुख्यमंत्री उवर्रक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उर्वरक की कालाबाजारी करने वालों पर कठोरतम कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि मांग बढ़ने पर कालाबाजारी, अवैध भंडारण और नकली उर्वरक निर्माण की संभावना रहती है। इसके लिये पुलिस का सहयोग लेते हुए निरीक्षण और चेकिंग की व्यवस्था को बढ़ाया जाए। डा यादव ने कहा कि उर्वरक के अवैध परिवहन पर नियंत्रण के लिए एक जिले से दूसरे जिले में उर्वरक मूवमेंट पर भी सतत् निगरानी रखी जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज भोपाल में सोयाबीन उपार्जन, खाद उपलब्धता और वितरण की वीडियो–कान्फ्रेसिंग में ये निर्देश दिए।

स्कूल नामांकन

राज्य शिक्षा केन्द्र ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर पिछले वर्ष के मुकाबले विद्यार्थियों के नामांकन में आई गिरावट का विश्लेषण करने के लिये कहा है। पत्र में कहा गया है कि एक अध्ययन से पता चला है कि स्कूल के शिक्षकों द्वारा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को शाला से अनमैप्ड करके ड्रॉपबॉक्स में भेज दिया गया है। पत्र

में कहा गया है कि जो विद्यार्थी ड्रॉपबॉक्स में भेज दिये गये हैं, उन्हें राज्य सरकार की नि:शुल्क पाठय–पुस्तक, गणवेश और छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा। ड्रॉपबॉक्स स्टूडेंट वे स्टूडेंट होते हैं जो विगत सत्र में किसी स्कूल में दर्ज थे, किन्तु वर्तमान सत्र में किसी भी स्कूल में दर्ज के रूप में दिखाई नहीं दे रहे हैं।

स्वच्छता अभियान

आकाशवाणी भोपाल में स्वच्छता ही सेवा अभियान और एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत अनेक गतिविधियां संचालित की जा रही है. इसके अंतर्गत आज नगर निगम महापौर मालती राय ने कार्यालय परिसर और आकाशवाणी कॉलोनी में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की. इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य भोपाल शहर को स्वच्छता में अग्रणी बनाना हैं ।

इस दौरान उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत आकाशवाणी कार्यालय में पौधारोपण किया.

गौरतलब है कि इस अभियान के तहत 100 पेड़ विगत दिनों ही आकाशवाणी ट्रांसमीटर आनंद नगर में लगाए जा चुके हैं. इसके अलावा कार्यालय परिसर और आकाशवाणी कॉलोनी कार्यक्रम में आकाशवाणी भोपाल के सभी अधिकारीगण और कर्मचारीगण उपस्थित थे.

प्रधानमंत्री–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कडी होगी। प्रधानमंत्री का लगातार तीसरे कार्यकाल में कार्यभार ग्रहण करने के बाद यह चौथी कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

रेलवे – विशेष रेलगाड़ियाँ

भारतीय रेलवे आगामी त्योहारों के अवसर पर दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के लिए 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच 6 हजार से अधिक विशेष ट्रेनें चलाएगा। रेलवे हर साल लाखों यात्रियों की यात्रा सुगम बनाने के लिए त्योहारी सीजन के दौरान विशेष ट्रेनें चलाता है। पिछले वर्षों की तुलना में विशेष ट्रेनों के परिचालन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पिछले साल इस सीजन में 4 हजार 429 स्पेशल ट्रेन चलाई गई थीं।

समाचार संक्षेप में....

- इंदौर जिले में समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी के लिए 48 प्राथमिक सहकारी समितियों को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है।
- पन्ना जिले के सीएम राइज विद्यालय शाहनगर के एनसीसी कैडेट्स द्वारा कल विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर एक संगोष्ठी का आयोजन कर नगर में जागरूकता रैली निकाली गई।

- खंडवा में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने तीन दिवसीय महापौर ट्राफी राज्य स्तरीय टेबल टेनिस रैंकिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया । इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 22 जिलों के लगभग 300 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं ।